बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना– 800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611/2215978
ई–मेल:– ceo_bihar@eci.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक :– 25.05.2024

- बिहार राज्य के षष्टम् चरण अन्तर्गत कुल 8 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों यथा, 1–वाल्मीकिनगर, 2–पश्चिम चम्पारण, 3–पूर्वी चम्पारण, 4–शिवहर, 16–वैशाली, 17–गोपालगंज (अ.जा.), 18–सिवान एवं 19–महराजगंज में आज दिनांक 25.05.2024 को मतदान सम्पन्न हुए हैं, जिसमें मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 14,872 तथा मतदान केन्द्र स्थलों की कुल संख्या 8,790 है तथा 55.45 प्रतिशत (06:00 बजे अपराह्न तक अनुमानित) निर्वाचकों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया।
- लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 एवं 2019 में मतदान के प्रतिशत का तुलनात्मक विवरण :

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का संख्या एवं नाम	लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत (06:00 बजे अपराह्न तक अनुमानित)	लोक सभा आम निर्वाचन, 2019 में मतदान प्रतिशत
1–वाल्मीकिनगर	58.25	61.88
2–पश्चिम चम्पारण	59.75	61.79
3–पूर्वी चम्पारण	57.30	59.94
4–शिवहर	56.30	59.40
16–वैशाली	58.50	61.85
17–गोपालगंज (अ.जा.)	50.70	55.26
18–सिवान	52.50	54.73
19–महराजगंज	51.27	53.80
कुल प्रतिशत	**55.45**	**58.47**

- षष्टम् चरण के 8 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में कार्यरत Flying Squad, SST एवं अन्य एजेन्सियों द्वारा कुल ₹2.86 करोड़ नकद जब्त किया गया। इसी प्रकार Flying Squad, SST, उत्पाद विभाग तथा पुलिस द्वारा कुल 3,53,742 लीटर शराब जब्त किया गया है, जिसका मूल्य लगभग ₹9.46 करोड़ है।
- षष्टम् चरण के निर्वाचन में Reserve सहित कुल 17,911 कंट्रोल यूनिट, 17,940 बैलेट यूनिट तथा 19,458 VVPAT का उपयोग हुआ है, जिसमें 46 कंट्रोल यूनिट, 50 बैलेट यूनिट तथा 135 VVPAT मॉक पोल के दौरान बदले गये हैं। जबकि 44 कंट्रोल यूनिट, 44 बैलेट यूनिट तथा 190 VVPAT मॉक पोल के पश्चात बदले गये हैं।
- षष्टम् चरण के निर्वाचन में किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु 1 एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी।
- सामान्य प्रेक्षकों की संख्या – 8
- अभ्यर्थी व्यय अनुश्रवण हेतु प्रेक्षकों की संख्या – 10
- पुलिस प्रेक्षकों की संख्या – 5

- माइक्रो प्रेक्षकों की संख्या – 2,134
- मॉडल मतदान केन्द्रों की संख्या – 77
- पूर्णरूपेण महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केन्द्रों की संख्या – 62
- PwD द्वारा संचालित मतदान केन्द्रों की संख्या – 54
- 7,781 मतदान केन्द्रों से लाईव वेबकास्टिंग किया गया है।
- षष्टम् चरण में कुल 86 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं, जिसमें पुरूष अभ्यर्थियों की संख्या 78 है तथा महिला अभ्यर्थियों की संख्या 08 है।
- षष्टम् चरण में कुल सामान्य निर्वाचकों की संख्या 1,49,32,165 है, जिसमें पुरूषों की संख्या 78,23,793, महिलाओं की संख्या 71,07,944 तथा Third Gender की संख्या 428 है।
- षष्टम् चरण में सेवा निर्वाचकों की कुल संख्या 27,334 है, जिसमें पुरूषों की संख्या 25,856 तथा महिलाओं की संख्या 1,478 है।
- बिहार राज्य के षष्टम् चरण में कुल 2 मतदान केन्द्रों पर विकास के विभिन्न मुद्दों पर मतदान बहिष्कार की सूचना प्राप्त हुई है।

क्र.सं.	लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र	विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र	मतदान केन्द्र संख्या
1	1–वाल्मीकिनगर	3–नरकटियागंज	272 एवं 273

- पश्चिम चम्पारण जिला में 171, पूर्वी चम्पारण में 418, शिवहर में 65, सीतामढ़ी में 405, मुजफ्फरपुर में 324, वैशाली में 437, गोपालगंज में 559, सिवान में 582 एवं सारण में 453 अर्थात कुल 3,414 ऐसे मतदान केन्द्रों को चिन्हित किया गया, जहाँ अतिरिक्त कमरा अथवा शेड की व्यवस्था नहीं थी। मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गर्मी से बचाव हेतु ऐसे मतदान केन्द्रों पर शामियाना की व्यवस्था की गयी। साथ ही षष्टम् चरण के सभी मतदान केन्द्रों पर पीने का पानी, Dedicated Medical Staff, Quick Medical Team with ambulance आदि की व्यवस्था की गयी।
- 1–वाल्मीकिनगर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 1–वाल्मीकिनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र तथा 2–रामनगर (अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लोक सभा निर्वाचन, 2019 में मतदान का समय पूर्वाह्न 07:00 से अपराह्न 04:00 बजे तक निर्धारित था। राजनैतिक दलों एवं अन्य हितधारकों के साथ विमर्श के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में विद्यमान गर्मी के प्रकोप के दृष्टिगत उपरोक्त वर्णित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के कुल 693 मतदान केन्द्रों में से मात्र 54 मतदान केन्द्रों को छोड़कर शेष सभी अर्थात कुल 639 मतदान केन्द्रों पर मतदान का समय पूर्वाह्न 07:00 से अपराह्न 06:00 बजे तक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किया गया है। इस प्रकार षष्टम् चरण अन्तर्गत 8 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के कुल 14,872 मतदान केन्द्रों में से मात्र 54 मतदान केन्द्रों पर पूर्वाह्न 07:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक मतदान सम्पन्न कराया गया।
- आज मतदान के दौरान कुल 217 शिकायत प्राप्त हुए। उक्त सभी शिकायतों का ससमय निष्पादन कर दिया गया।
- आज पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत 11–सुगौली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु सुरक्षित कर्मी के रूप में प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारी श्री कन्हैया प्रसाद की सुगौली रेलवे स्टेशन क्षेत्र में ट्रेन से दुर्घटना में असामयिक मृत्यु हो गयी।
- शेष कहीं से अप्रिय घटना की कोई सूचना प्राप्त नहीं है तथा मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ है।

****